न्यायालय जिला कलक्टर एवं प्रथम अपीलेट अधिकारी

(सूचना अधिकार अधिनियम 2005)

पीठासीन अधिकारी शिवप्रसाद एम. नकाते (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :– 57/2021 अपील सू.प्र.

उनवान

श्री मोतीलाल सिंघानिया निवासी जी 37 रीको 4 फेज, पुर रोड, भीलवाड़ा	**बनाम**	1. प्रभारी अधिकारी, सामान्य अनुभाग (लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (शहर), भीलवाड़ा 2. लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा
––अपीलार्थी		––प्रत्यर्थीगण

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

उपस्थित :–प्रत्यर्थीगण की ओर से विभागीय प्रतिनिधि

निर्णय

दिनांक :07.09.2021

अपीलार्थी की ओर से यह प्रथम अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19 (1) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा एवं प्रभारी अधिकारी, सामान्य अनुभाग (लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (शहर), भीलवाड़ा के विरूद्ध दिनांक 02.08.2021 को प्राप्त होकर निवेदन किया गया कि अपीलार्थी ने विहित अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत निर्धारित शुल्क का पोस्टल ऑर्डर संख्या 52 एफ 391745 राशि 10.00 रूपये के साथ एक आवेदन दिनांक 15.06.2021 को लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा को प्रेषित किया जो लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा को दिनांक 22.06.2021 को प्राप्त हुआ। आवेदन के बिन्दु संख्या 01 से 05 तक की सूचना संबंधित अनुभाग/कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी से संबंधित होने से अपलार्थी का आवेदन पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के तहत संबंधित लोक सूचना अधिकारियों को अंतरित किया गया।

प्रस्तुत अपील इस न्यायालय में दिनांक 18.08.2021 को पंजीबद्ध की जाकर अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थीगण को सूचना पत्र जारी किये गये तथा प्रत्यर्थी लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा द्वारा पत्रांक 20491 दिनांक 01.09.2021 से एवं प्रभारी अधिकारी, सामान्य अनुभाग (लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (शहर), भीलवाड़ा द्वारा पत्रांक 29896 दिनांक 02.09.2021 से रिपोर्ट प्राप्त हुई। प्राप्त रिपोर्ट का अवलोकन किया। अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना के संबंध में प्रत्यर्थीगण द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के तथ्य इस प्रकार हैं:

1. अपीलार्थी के आवेदन–पत्र के बिन्दु संख्या 01 से 05 तक चाही गयी सूचना संबंधित अनुभाग/कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी से संबंधित होने से अपीलार्थी का आवेदन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के तहत संबंधित लोक सूचना अधिकारियों को अंतरित कर प्रतिलिपि सूचनार्थ अपीलार्थी को सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ कार्यालय हाजा के पत्रांक 20338 दिनांक 24.06.2021 से जरिये रजिस्टर्ड डाक प्रेषित की गयी।

जिला कलक्टर
भीलवाड़ा